कार्यालय निदेशालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ ( ) आयो/निकाशि/ / 1034 दिनांकः 1 फरवरी,2012

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान

विषय :– विभागीय पोर्टल पर महाविद्यालय के वेब पेज बनाये जाने के संबंध में।

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 30.1.2013 से दिनांक 1.2.2013 तक आपके महाविद्यालय के नोडल आफिसर को विभागीय वेब पोर्टल पर आपके महाविद्यालय के वेब पेज पर डाटा अपलोड /एडिट इत्यादि करने के बारे में समग्र प्रशिक्षण दे दिया गया है।

आप अपने स्तर पर महाविद्यालय के समस्त विभागों एवं शाखाओं से संबंधित सूचनाऐं विभागाध्यक्षों एवं शाखा प्रभारियों से सॉफ्ट कापी में एकत्रित कर नोडल आफिसर को उपलब्ध करवायें जिससे कि दिनांक 7.02.2013 समय 5.00 बजे सांय तक महाविद्यालय के नोडल आफिसर द्वारा उक्त सूचनाऐं वेब पेज पर अपलोड की जा सके। इस हेतु महाविद्यालय के नोडल अधिकारी को समस्त तकनीकी सुविधायें महाविद्यालय स्तर पर उपलब्ध करवायी जावें। यह एक महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध कार्य है।

अतः इसे समय पर पूर्ण न करवाये जाने एवं महाविद्यालय से सम्बन्धित समस्त सूचनाऐं समय पर अपलोड नहीं हो पाने की स्थिति में राज्य सरकार के द्वारा की गई कार्यवाही के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगें।

निदेशक

क्रमांकः एफ ( ) आयो/निकाशि/ / 1035-37 दिनांकः 1 फरवरी,2013

प्रतिलिपि :–

1 सहायक निदेशक क्षेत्रीय कार्यालय कालेज शिक्षा, अजमेर, जयपुर, जोधपुर, बीकानेर कोटा उदयपुर को भेजकर लेख है कि अपने संभाग के महाविद्यालयों के वेबपेज पूर्ण अपलोड करवाने हेतु प्राचार्यों को समन्वय कर कार्यवाही कर निदेशालय को dce.egov@gmail.com पर दिनांक 8.2.2013 सांय 5.00बजे तक सूचित करें।

2 उपर्युक्त महाविद्यालयों के समस्त नोडल आफिसर को भेजकर लेख है कि प्राचार्य द्वारा सत्यापित की गई सूचनाओं को दिनांक 7.2.2013 सांय 5.00बजे तक प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षित किये अनुसार विभागीय वेब पोर्टल पर महाविद्यालय के वेब पेज पर अपलोड कर ईमेल dce.egov@gmail.com पर सूचित करे ।

3 श्री धीरेन्द्र देवर्षि व्याख्याता प्रभारी वेबसाइट को भेजकर लेख है कि विभाग के वेबसाइट पर अपलोड करने का श्रम करें ।

निदेशक